कार्यालय अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर

फोन न० 0612-227421 (का०)
E-mail-sdodanapur10@gmail.com

(कल्याण शाखा)

-:अल्प सूचना:-

दानापुर अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न पंचायतो एवं क्षेत्रों में विकास मित्र के रिक्त पदों पर अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में कार्य दिवस को ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित प्रखंड के प्रंखड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र से संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

क्र०	गतिविधि	अवधी
1	2	3
1	समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि	20.09.2024
2	संबंधित प्रखंड/नगर निकाय में आवेदन पत्र प्राप्त	23.09.2024 से 04.10.2024
3	मेधा सूची का प्रकाशन	07.10.2024
4	आपत्ति प्राप्त करना	08.10.2024 से 09.10.2024
5	अंतिम चयन सूचि का प्रकाशन	18.10.2024
6	नियोजन पत्र वितरण/शपथ ग्रहण उनमुखीकरण	22.10.2024

रिक्तियों की विवरणी

क्र०	प्रखंड/शहरी निकाय	पंचायत/ वार्ड का नाम	रिक्तियों की संख्या	जाति बहुलता	कोटी आरक्षण
1	2	3	4	5	6
1	नगर परिषद खगौल	26 एवं 27	01	डोम	महिला
2	नौबतपुर	अदला	01	चमार	सामान्य

➢ **चयन हेतु अहर्ता:-**

1. आवेदन की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तिथि मैट्रिक के समकक्ष होगी। मैट्रिक में सर्वाधिक अक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन मेधा सूची के अनुरूप किया जाएगा तथा सामान्य मेधा अंक रहने पर ज्यादा उम्र रहने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। चयन में मैट्रिक या समकक्ष में उच्चतर योग्यता वाले अभ्यर्थी के लिए अतिरिक्त लाभ नहीं दी जाएगी। मैट्रिक पास अभ्यर्थि नही मिलने पर नन् मैट्रिक, नौंवी पास, आंठवी पास, सातंवी पास, छठी पास एवं पाँचवी पास का नियोजन किया जा सकेगा।
2. महिलाओं के शैक्षणिक योग्यता नहीं मिलने पर साक्षर रहने पर भी चयन किया जा सकता है। बशर्ते वे अक्षर अंचल योजना एवं स्वयं सहायता समूह के साथ जुड़ी हो तथा वे सामाजिक कार्य में प्रगतिशील सक्रिय हों।
3. महादलित आवेदक की उम्र दिनांक-01.01.2024 न्यूनतम 18 वर्ष अधिक्तम 60 वर्ष होगी।
4. आवेदक महादलित परिवार से होगा। पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) में जिस महादलित जाति की बहूलता होगी उसी जाति के अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।
5. जिस पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) से विकास मित्र का चयन किया जाना है। वही के निवासी से आवेदन प्राप्त किया जायेगा एवं चयन किया जाएगा।

कार्यालय अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर

फोन न० 0612-227421 (का०)
E-mail-sdodanapur10@gmail.com

- **चयन की प्रक्रियाः—**

6. आवेदन विहित प्रपत्र में होना चाहिए। विहित प्रपत्र संबंधित प्रखंड कार्यालय नौबतपुर/नगर परिषद खगौल तथा अनुमंडल कल्याण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
7. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान रिक्ति वाले प्रखंड तथा नगर परिषद् क्षेत्र के संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, नौबतपुर का कार्यालय/शहरी क्षेत्र के लिए संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, खगौल का कार्यालय होगा।
8. निर्धारित अवधी की अंतिम तिथि (दिनांक—04.10.2024) तक कार्यालय अवधी (05 बजे अपराह्न तक) में प्राप्त होने वाले आवेदनो की ही स्वीकार किया जाएगा। उक्त अवधी के पश्चात् प्राप्त आवेदन अमान्य होगा।
9. वैसी स्थिति जब एक ही शैक्षणिक योग्यता के दो उससे अधिक आवेदन प्राप्त होगा, वैसी स्थिति में जिस आवेदक का उम्र सबसे कम हो (जन्म तिथि के अनुसार) चयन किया जाएगा।

- **आवेदन के साथ आवश्यक अनुलग्नकः—**

1. (क) मैट्रिक का अंक एवं प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। (ख) जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। (ग) निवास प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।
2. प्रत्येक पंचायत एवं कलस्टर से महादलित जाति की बहुलता पहले से निर्धारित है।
3. अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा विकास मित्रों का चयन किया जाएगा।

अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर (पटना)

13/9

अनुमंडल पदाधिकारी
दानापुर।

D:\Sahil.Letter..docx